No. of Printed Pages : 3

बी.एच.डी.ई.-108

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2022

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

बी.एच.डी.ई.-108 : प्रयोजनमूलक हिन्दी

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *खण्ड क, खण्ड ख और खण्ड ग के प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए ।*

खण्ड क

निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** *प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 – 500 शब्दों में दीजिए :* *2×20=40*

1. हिन्दी-वर्तनी मानकीकरण के नियमों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए ।

2. हिन्दी वाक्य संरचना के प्रकारों पर प्रकाश डालते हुए उसकी प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

3. प्रयोजनमूलक हिन्दी की वाक्य संरचना संबंधी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

4. हिन्दी में पारिभाषिक शब्दावली के निर्माण के सिद्धांतों को समझाइए ।

खण्ड ख

5. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 – 250 शब्दों में दीजिए : *4×10=40*

(i) लिपि एवं वर्तनी के पारस्परिक संबंध को बताइए ।

(ii) मानकीकरण के अभिलक्षण बताइए ।

(iii) जनसंचार के क्षेत्र में हिन्दी का स्वरूप समझाइए ।

(iv) 'प्रयुक्ति' की संकल्पना पर सोदाहरण विचार कीजिए ।

(v) अर्ध-सरकारी पत्र के स्वरूप को समझाइए ।

(vi) हिन्दी में वैज्ञानिक लेखन पर प्रकाश डालिए ।

(vii) विज्ञापन की भाषा के स्वरूप पर संक्षेप में विचार कीजिए ।

(viii) 'राजभाषा' के रूप में हिन्दी के विकास पर विचार कीजिए ।

खण्ड ग

6. निम्नलिखित में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए : *5×2=10*

(i) हिन्दी के स्वर एवं व्यंजन

(ii) हिन्दी वर्तनी की अनेकरूपता के कारण

(iii) देवनागरी लिपि

(iv) पारिभाषिक शब्द

(v) विज्ञान और साहित्य की भाषा में अंतर

7. निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी पर्याय बताइए : *5×1=5*

(i) Sequence

(ii) Lactometer

(iii) Para-medical

(iv) Scientific

(v) Rebate

8. निम्नलिखित में से *सही* अथवा *ग़लत* कथन का उल्लेख कीजिए : *5×1=5*

(i) पंडित सुंदर लाल अंग्रेज़ी तकनीकी शब्दों को यथावत् ग्रहण करना चाहते थे ।

(ii) संस्कृत भाषा के शब्दों में उर्वरा शक्ति अपार है ।

(iii) परियोजना, दूरदर्शन, संकाय शब्द हिन्दी के पूर्व प्रचलित शब्द हैं ।

(iv) हिन्दी भाषा समाज ने अंतत: भाषा का शुद्धतावादी रूप स्वीकार किया है ।

(v) तकनीकी भाषा को हम वैज्ञानिक भाषा भी कह सकते हैं ।